
चार्ली चैपलिन कौन थे?




पेट्रीसिया बर्नान

चार्ली चैपलिन कौन थे?



पेट्रीसिया बर्नान

विषयवस्तु



चार्ली चैपलिन कौन थे?

1900 के दशक की शुरुआत में, अमेरिका भर के मूवी थिएटर हंसी से झूम उठे थे. यह सब बड़े पर्दे पर एक मजाकिया छोटे लड़के की वजह से हुआ. उसकी पैंट और जूते बहुत बड़े थे. उसकी टोपी और कोट बहुत छोटा था. वो दोनों पैरों को बाहर की ओर मोड़कर एक अजीब तरीके से चलता था. और जब उसकी आंखें फ़ैल जातीं और वो अपनी छोटी मूंछें हिलाता, तो दर्शक यह देखने का इंतजार नहीं कर सकते थे कि वो आगे किस मुसीबत में पड़ जाएगा. इस अभिनेता को "लिटिल ट्रैम्प" कहा गया.


उन मूंछों के पीछे अभिनेता चार्ली चैपलिन थे. उन्होंने "लिटिल ट्रैम्प" का आविष्कार किया. चार्ली ने अपनी खुद की फिल्में लिखी, अभिनय किया और उन्हें निर्देशित किया. "लिटिल ट्रैम्प" हमेशा गरीबी में रहता और बेरोज़गार होता था. लेकिन चार्ली खुद दुनिया में सबसे अधिक फीस पाने वाले अभिनेता थे - और सबसे प्रसिद्ध भी. उन्होंने स्क्रीन पर एक शब्द कहे बिना वो सब कुछ मैनेज किया.

वो मूक फिल्मों का जमाना था. तब परदे से कोई आवाज नहीं आती थी. आविष्कारकों ने अभी तक फिल्मों के लिए ध्वनि रिकॉर्ड करने का तरीका नहीं खोजा था. उसकी बजाय, अभिनेता, इशारों और चेहरे के हाव भावों का इस्तेमाल करके ही कहानी सुनाते थे. इसमें चार्ली चैपलिन से बेहतर कोई और नहीं था.

हालांकि उनकी "रील लाइफ" हास्य से भरपूर थी, लेकिन चार्ली की असल जिंदगी ऐसी नहीं थी. उनका लंदन में बीता गरीब बचपन, दिल तोड़ने वाला था. उनके पिता ने परिवार छोड़ दिया था. और उनकी माँ मानसिक रूप से टूटने के कारण अपने बच्चों की ठीक से देखभाल नहीं कर सकीं थीं. फिर भी इतिहास चार्ली को मुस्कान के साथ याद करता है. वो फिल्म में अग्रणी अभिनेता थे जिन्होंने अमेरिका और दुनिया में लोगों को गुदगुदाया और हंसाया.

अध्याय 1

गरीबी



अमेरिका वो जगह थी जहां चार्ली प्रसिद्ध हुए. लेकिन इंग्लैंड उनका पहला घर था. चार्ल्स स्पेंसर चैपलिन का जन्म 16 अप्रैल, 1889 को लंदन में हुआ था. उसका सौतेला भाई, सिडनी, उनसे चार साल बड़ा था.

यह आश्चर्य की बात नहीं है कि चार्ली बड़ा होकर एक अभिनेता बना - उसके माता-पिता दोनों ही मनोरंजन के क्षेत्र में थे.

वो अंग्रेजी संगीतग्रहों में प्रदर्शन करते थे - जहाँ वे थिएटर, गीतों और नृत्यों के साथ-साथ कॉमेडी शो का मंचन करते थे. चार्ली के पिता एक सफल अभिनेता और गीतकार थे. उनकी मां एक गायिका थीं.

चार्ल्स चैपलिन सीनियर सहज और आकर्षक थे, लेकिन उन्हें शराब पीने की बुरी लत थी. इसलिए कोई भी उन पर ज्यादा देर तक भरोसा नहीं करता था. जब चार्ली सिर्फ एक साल का था, तब उसके पिता ने अपने गाने पैक किए और वो घर छोड़कर चले गए.

चार्ल्स की मां, हन्ना ने अपने दम पर वो सब कुछ किया जो उनके लिए करना संभव था. वो छोटी और नाज़ुक थीं, उनके बाल इतने लंबे थे कि वो खुद उन पर बैठ सकती थीं. हालाँकि उन्होंने अपने कठिन जीवन को बड़ी हिम्मत से जिया. नौकरियां आईं और गईं, पर पैसे की हमेशा तंगी रही.



हन्ना चैपलिन

संगीत हॉल




संगीत हॉल विभिन्न प्रकार के शानदार प्रदर्शनों के लाइव शो की मेजबानी करते थे. वहां कलाबाज हवा में उड़ते. वेंट्रिलोक्विस्ट किसी डमी के माध्यम से बात करते थे. गायक और नर्तक प्रस्तुति देते थे. वहाँ हाई वायर वॉकर, एनिमल ट्रेनर और प्लेट स्पिनर अपने करतब दिखाते थे. उन सभी शो में सबसे लोकप्रिय कॉमेडी एक्ट थे.

अमेरिका में, संगीत हॉल को वाडेविल थिएटर के रूप में जाना जाता था. वाडेविल सबसे लोकप्रिय 1900 के शुरुआत के दिनों में थे. एक बार जब फिल्में लोकप्रिय हो गईं, तो संगीत हॉल और वाडेविल धीरे-धीरे इतिहास में फीके पड़ गए.



एक रात, हन्ना का गायन करियर अचानक समाप्त हो गया. एक गाने के बीच उनकी आवाज अचानक फट गई. भीड़ ने चिल्लाकर हन्ना को मंच से बाहर कर दिया. पर चतुर प्रबंधक ने हन्ना की जगह पर तुरंत नन्हे चार्ली को मंच पर धकेल दिया! चार्ली सिर्फ पाँच साल का था, लेकिन वो सालों से मंच के पीछे से देख रहा था. उसे सभी गाने मुंहज़ुबानी याद थे.




फिर भी चार्ली का नन्हा सा घर कुछ समय के लिए खुश था. जैसे ही चार्ली खड़ा हुआ वैसे ही हन्ना ने उसे नृत्य करना सिखाया. अपने बेटे का मनोरंजन करने के लिए, हन्ना अपने सूटकेस से वेशभूषा और विग खींचती थी और उन नाटकों में अभिनय करती थीं जो उन्हें मुंहज़ुबानी याद थे.



जैसे ही छोटे लड़के ने गाना और नाचना शुरू किया, भीड़ एकदम चुप हो गई. जल्द ही दर्शक हँस रहे थे और उसकी जय-जयकार कर रहे थे. फिर उन्होंने मंच पर पैसे फेंके. चार्ली, गाने के बीच में ही रुक गया और पैसे इकट्ठे करने लगा. वो देखकर भीड़ और भी जोर से हंस पड़ी.

चार्ली एकदम हिट हुआ. हालांकि, हन्ना का करियर खत्म हो गया था और उन्होंने दुबारा फिर कभी नहीं गाया. "उस रात मंच पर मेरा पहला शो था," चार्ली ने बाद में लिखा, "और मेरी माँ का अंतिम शो था."

परिवार गरीबी की गहराई में डूबने लगा. हन्ना ने सिलाई करके थोड़े पैसे कमाए, लेकिन वे बिलों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं थे. हन्ना ने अपने बेटों के लिए कपड़े बनाने के लिए अपनी पुरानी वेशभूषाओं को काटकर सिला. किराए के पैसे न भर पाने के कारण चैपलिन परिवार को बार-बार घर बदलने के लिए मजबूर होना पड़ता था. शुरू में वो तीन कमरे के अपार्टमेंट में रहते थे. फिर वे दो कमरों वाले घर में चले गए. अंत में, वे एक बदबूदार अचार के कारखाने के पीछे एक सिंगल कमरे में रहने लगे.



समय के साथ हन्ना बहुत कमजोर और बीमार हो गई थीं. फिर वो अपने बेटों को लेकर "वर्कहॉउस" में चली गयीं. लंदन में गरीब लोगों का यही अंतिम ठिकाना था. "वर्कहॉउस" एक तरह का अनाथालय था.


उससे छोटा परिवार बिखर गया. हन्ना को एक अस्पताल में रखा गया, जो उन बीमार लोगों के लिए था जो "वर्कहॉउस" में रहने और काम करने के लिए असमर्थ थे. चार्ली और सिडनी को बेघर बच्चों के स्कूल में ले जाया गया, जिसे "हैनवेल" कहा जाता था. चार्ली अपने बड़े भाई से कसकर चिपक गया, लेकिन सिडनी को बड़े लड़कों वाले वार्ड में रहना पड़ा. चार्ली ने बाद में कहा कि उसका बचपन उसी समय खत्म हो गया था. वो उस समय सिर्फ सात साल का था.

अनाथों के लिए "हैनवेल" स्कूल



इंग्लिश वर्कहाउस

चार्ली के बचपन के दौरान, जो गरीब लोग अपने बिलों का भुगतान नहीं कर पाते थे, उन्हें "वर्कहाउस" में भेज दिया जाता था. यदि वे सक्षम होते तो उन्हें वहाँ अपने रहने और भोजन के लिए काम करना पड़ता था. पर चैपलिन परिवार अलग हो गया था और वे दिन में केवल एक बार ही थोड़े समय के लिए ही मिल पाते थे.





सभी वर्दी पहनते थे और लंबी डारमेट्री में सोते थे, और बड़े डाइनिंग हॉल में बेंचों पर खाते थे. कोई भी "वर्कहाउस" में भर्ती नहीं होना चाहता था. फिर भी "वर्कहाउस" ने कई लोगों को सड़कों पर भूखे मरने से बचाया.

"हैनवेल" के शिक्षक सख्त थे. वे बच्चों को सजा देने के लिए एक बेंत का इस्तेमाल करते थे. एक बार चार्ली को कुछ शरारती लड़कों की शिकायत न करने के लिए बेंत से मारा गया था. बाएं हाथ से लिखने के कारण चार्ली की उलटी हथेली पर भी मारा गया. पेट में कीड़ो की वजह से जब उसका सिर मुंडाया गया तो चार्ली फूट-फूट कर रोने लगा.

दिन में सपने देखकर ही चार्ली उस स्थिति से निबट पाया. अपनी आत्मकथा में, चार्ली ने याद किया: "वैसे मैं बहुत गरीब था लेकिन मैं यह दिखावा करता था कि मैं एक बहुत अमीर और सम्मानीय व्यक्ति था."

किसी भी चीज से ज्यादा चार्ली, गरीबी से बचना चाहता था. समय के साथ-साथ, अपनी एक्टिंग की कुशलता के कारण चार्ली झुग्गी-झोपड़ियों की ज़िंदगी से निकल पाया. फिर उसे जल्द ही अपनी पहली नौकरी मिली.

अध्याय दो

स्टेज पर


1898 के पतझड़ में, कानून ने चार्ली के पिता को पकड़ लिया और फिर उन्हें अपने बेटों को अपने साथ रखना पड़ा. आपको शायद लगे कि चार्ली को "वर्कहाउस" की तुलना में वो पसंद आया होगा. लेकिन चार्ली ने कहा कि अपने पिता के साथ दो महीने रहने की की तुलना में "वर्कहाउस" एक "लॉलीपॉप" थी. चार्ली के पिता एक ऐसी महिला के साथ रहते थे जो चार्ली और सिडनी को अपने पास बिलकुल नहीं रखना चाहती थी.
जब उनके पिता दूर होते, तो सौतेली माँ, लड़कों को घर से बाहर निकाल देती थीं. कभी-कभी चार्ली और उसके भाई को गैर लोगों के दरवाजों में दुबकना पड़ता या फिर गलियों में सोना पड़ता था.



अंत में हन्ना अस्पताल से बाहर निकली और उन्हें अपने लड़कों बचाया. उसके बाद लड़के फिर कभी अपने पिता के साथ नहीं रहे. ठीक तीन साल बाद, चार्ल्स सीनियर का अड़तीस साल की उम्र में शराब पीने से देहांत हो गया.

चार्ली का अब स्कूल में दाखिला हो गया था लेकिन वो बहुत कम ही क्लास में जाता था. 1898, स्कूल में उसका आखिरी साल था. वो केवल नौ वर्ष का था.

वो अक्सर स्कूल न जाकर कुछ पैसे कमाने की कोशिश करता था. वो अक्सर एक बैरल ऑर्गन बजाने वाले संगीतकार के लिए सड़क पर नाचता था. फिर राहगीर, कलाकार की टोपी में सिक्के फेंकते थे.



एक दोपहर के समय एक अच्छे कपड़े पहने सज्जन ने उसका नृत्य देखा. वो व्यक्ति, विलियम जैक्सन, लड़कों के एक ग्रुप का इंचार्ज था. वे लड़के लंदन के आसपास के संगीत हॉल्स में नृत्य करते थे. उन्हें "ऐट लंकाशायर बॉयज" कहा जाता था. अभी, जैक्सन के पास केवल सात लड़के थे. चार्ली में, उसे अपना आठवां लड़का मिला. हन्ना की अनुमति के बाद चार्ली ने अपना पहला असली काम शुरू किया.

चार्ली को लगा जैसे उसने जैकपॉट जीत लिया हो! लंकाशायर के चार लड़के मिस्टर और मिसेज जैक्सन के अपने बच्चे थे. लेकिन वो दयालु दंपत्ति सभी नाचने वाले लड़कों को, अपने परिवार जैसा ही मानते थे. अब चार्ली के पास रहने को एक कमरा था. खाना मुफ्त था. और वो एक डॉलर प्रति सप्ताह कमाता था, जिसे वो अपनी माँ को घर भेज देता था.

लड़कों को कड़ी मेहनत करनी पड़ती थी. "क्लॉगर" नर्तक अपनी भुजाओं से एक दूसरे को पकड़ते थे जबकि उनके पैर संगीत की ताल पर हवा में उड़ते थे.

शो की रात में, नाचने वाले लड़कों को, घोड़ागाड़ियों में भरकर एक संगीत हॉल से, दूसरे संगीत हॉल तक ले जाया जाता था.





उस नृत्य समूह के साथ दो साल बिताने के बाद, चार्ली की माँ उसे घर ले आईं. उन्हें अपना बेटा थका हुआ लगा. लेकिन चार्ली ने काम करना बंद नहीं किया. वो अक्सर अजीबो-गरीब काम करता था. उसने एक नाई की दुकान, एक डॉक्टर के ऑफिस और एक स्टेशनरी की दुकान में काम किया. वो एक प्रिंटर और एक ग्लास-ब्लोअर का सहायक भी बना. वर्षों बाद, इनमें से कई कामों की झलकी, चार्ली की फ़िल्मों में दिखाई दीं.

चार्ली को अन्य कृत्यों को भी देखना पसंद था, विशेषकर जोकरों और हास्य कलाकारों को. उन्होंने कहा, "उनके रोल मेरे युवा मस्तिष्क पर एक तस्वीर की तरह अंकित हो जाते थे."

"जब मैं घर जाता था तो मैं वो सब करने की कोशिश करता था." चार्ली ने बाजीगरी करना और एक्रोबैटिक स्टंट करना भी सीखे.



फिर भी घर में पर्याप्त पैसा नहीं था. चार्ली और उसकी माँ एक छोटे से ऊपरी मंजिल के कमरे में रहते थे. (सिडनी दूर समुद्र में था.) हन्ना का लोहे का छोटा पलंग एक कोने में पड़ा था. चार्ली एक कुर्सी पर सोता था जो एक बिस्तर के रूप में खुल जाती थी.





1903 में, चार्ली अपनी माँ की मनःस्थिति देखकर चिंतित हुआ. ऐसा लग रहा था जैसे हन्ना वास्तविकता पर अपनी पकड़ खो रही थीं. घंटों तक हन्ना बिना हिले, खिड़की से बाहर ताकती रहती थीं. घर में गंदे बर्तनों का ढेर लगा रहता था. कभी-कभी उन्हें काल्पनिक आवाजें सुनाई देती थीं.

एक दिन, हन्ना एक घर से दूसरे घर गयीं और उपहार के रूप में उन्होंने लोगों को लिपटे कोयले के टुकड़े भेंट किये. चार्ली को पता था कि उसकी माँ को उस तरह की देखभाल की ज़रूरत थी जो वो देने में असमर्थ था. फिर वो माँ को एक मील दूर स्थित, एक क्लिनिक में ले गया. वहां से डॉक्टरों ने हन्ना को मानसिक अस्पताल भेज दिया. छोटी अवधि को छोड़कर, हन्ना ने अगले सत्रह वर्ष विभिन्न अस्पतालों में ही बिताए.

चार्ली अकेले खाली अपार्टमेंट में रहा. चाय के अलावा पूरी अलमारी खाली थी. वो भोजन और काम की तलाश में सड़कों पर घूमता रहा. तभी खबर आई कि उसके बड़े भाई का जहाज आ रहा था. चार्ली ने कहा, "अगर मेरा भाई सिडनी, लंदन नहीं लौटा होता, तो मैं लंदन की गलियों में एक चोर बन जाता."

चार्ली के फटे कपड़ों और लंबे, गंदे बाल देखकर सिडनी हैरान रह गया. उसने जल्दी से उसे एक गर्म स्नान करवाया, उसके बाल कटवाए और एक नया सूट दिलवाया. फिर उसने अपनी योजना बताई : सिडनी अभिनय शुरू करने जा रहा था. चार्ली ने भी उस कला को आजमाने का फैसला किया.



हन्ना चैपलिन (1865-1928)

1903 में, हन्ना चैपलिन बीमार होने के बाद कभी भी अपने मानसिक स्वास्थ्य को पूरी तरह से ठीक नहीं कर पाईं. 1921 में कैलिफोर्निया में बेटों द्वारा समुद्र के किनारे एक कुटिया बनवाने के बाद भी, उन्हें जीवन भर नर्सिंग देखभाल में रहना पड़ा.



1928 में तैंतालीस साल की उम्र में उनकी मृत्यु हो गई.


चार्ली हमेशा अपनी मां को उस समय याद करना पसंद करता था जब उनकी तबियत बेहतर थी. "मुझे ऐसा लगता है कि मेरी माँ दुनिया की सबसे शानदार महिला थीं," उन्होंने एक रिपोर्टर से कहा. "मुझे याद है कि वो कितनी आकर्षक और अच्छी थीं."

चैपलिन भाइयों को जल्द ही थिएटर की नौकरी मिल गई. चार्ली ने शर्लक होम्स के नाटक में एक युवा लड़के की भूमिका निभाई. काम मिलने से वो रोमांचित हो गया. पर जब उसे स्क्रिप्ट मिली तो वो मायूस हो गया. इतनी कम स्कूली शिक्षा के कारण वो स्क्रिप्ट पढ़ नहीं पाया! इसलिए, सिडनी ने उन पंक्तियों को उसके लिए बार-बार पढ़ा, फिर तीन दिनों में चार्ली ने उन्हें कंठस्थ कर लिया.

अपने शेष जीवन भर चार्ली को कोई भी नाटक मुंह ज़ुबानी याद रहता था.

शर्लक होम्स एक स्मैश हिट हुआ. चार्ली ने दो साल से अधिक समय तक उस नाटक में काम किया. अंत में उसने अभिनय को ही अपनी जिंदगी का मकसद बनाने की ठानी.

उसे नहीं पता था कि वो एक कॉमेडियन बनेगा.



अध्याय 3

स्लैपस्टिक कॉमेडी



फ्रेड कार्नो

1908 में चार्ली, फ्रेड कार्नो के ऑफिस में एक नौकरी की तलाश में गया. अभिनेता फ्रेड कार्नो एक मांसल आदमी था और वो एक बड़ा सिगार पीता था. वो हास्य कलाकारों के एक प्रसिद्ध समूह का मैनेजर था. स्लैपस्टिक कॉमेडी में चेहरे पर घूंसे मारना, गिरना, लड़ाई, धक्का-मुक्की शामिल होता है.

चार्ली का भाई सिडनी पहले ही कार्नो के लिए काम कर चुका था. लेकिन कार्नो को चार्ली बिल्कुल भी फिट नहीं लगा. चार्ली केवल पाँच फीट चार इंच ऊंचा था. उसके हाथ-पैर छोटे थे. "मुझे वो बहुत ज्यादा शर्मीला लगा," कार्नो ने कहा.

"सत्रह साल की उम्र बहुत छोटी होती है," कार्नो ने चार्ली से कहा, "और तुम उससे भी छोटे दिखते हो."

चार्ली ने सिर हिलाया और कहा कि वो कोई बड़ी समस्या नहीं थी. उसे लगा वो सिर्फ, "मेकअप का सवाल था."

कार्नो उस किशोर को दो सप्ताह के लिए आजमाने के लिए तैयार हो गया.



अपनी शुरुआती रात के लिए, चार्ली ने दर्शकों की ओर पीठ करके मंच पर प्रवेश किया. लोगों ने उसे एक अमीर सज्जन जैसे ऊंची टोपी पहने देखा. फिर चार्ली पलट गया.

उसने अपनी नाक को चमकीला लाल रंगा था!

दर्शकों में हँसी की लहर फ़ैल गई. फिर चार्ली ने जोकर के करतब करना शुरू किए. वो मंच पर घूमा और उसने एक डम्बल पर ट्रिप किया. जब उसने अपने बेंत को एक पंचिंग बैग पर जाकर पकड़ा, तो उसने उसके चेहरे पर थप्पड़ मार दिया. चार्ली डगमगाया और वापस झुका, और अपने बेंत को अपने सिर के किनारे पर गिरा दिया. दर्शकों ने हंसी का ठहाका लगाया.

सप्ताह के अंत तक, चार्ली के मंच पर आते ही भीड़ ने ताली बजाने लगती. कार्नो जानता था कि उसके पास एक विजेता था. उसने चार्ली को साइन कर लिया.

कार्नो के मूक कॉमेडियन ने, पूरे इंग्लैंड और यूरोप के संगीत हॉलों में प्रदर्शन किया. चार्ली ने सप्ताह में सातों दिन, रात में तीन शो किए.

चार्ली पूरे दिन रिहर्सल करता था. मंच पर, खिलाड़ी अनाड़ी या नशे में होने का अभिनय करते, लेकिन उनके करतबों को वास्तव में स्प्लिट-सेकंड टाइमिंग की ज़रुरत होती थी, जैसे कि एक कठिन नृत्य में करना पड़ता है. क्योंकि स्लैपस्टिक कॉमेडी में अक्सर चेन रिएक्शन शामिल होता है. एक खिलाड़ी मुक्का मार सकता है, दूसरा आदमी उससे बच सकता है, और तीसरा आदमी उस मुक्के को झेल सकता है.

हालांकि उसमें कभी किसी को चोट नहीं आती थी. लेकिन मंच के नीचे बैठे दर्शक प्रत्येक नकली मुक्के पर जोर से ताली बजाते थे.





चार्ली जल्दी ही जंगली कलाबाज़ी लगाने में माहिर हो गया. वो कठिन-से-कठिन स्टंट को आसानी से कर सकता था. जल्द ही कार्नो ने चार्ली को साइड-रोल की बजाए मुख्य भूमिकाएं देने लगा. 1910 के पतझड़ में, उसने चार्ली को अमेरिका के दौरे पर जाने का मौका दिया.

कार्नो मंडली सितंबर के अंत में न्यूयॉर्क शहर में पहुंची. उस रात, चार्ली ब्रॉडवे की सड़कों पर चला. चारों ओर थिएटर की बत्तियाँ टिमटिमा रही थीं. उसके सिर के ऊपर गगनचुंबी इमारतें फ़ैली हुई थीं. चार्ली ने सोचा कि अमेरिका ने उसे एक सुनहरा अवसर और रोमांच का मौका दिया था.

मुझे यहाँ होना चाहिए! उसने खुद से कहा. उसके बाद से चार्ली ने वहीं रहने का मन बना लिया.

अमेरिका ने चार्ली को खूब प्यार दिया. उसके अभिनय की बढ़िया समीक्षाएँ छपीं : चैपलिन "सबसे बड़ा हँसने वाला है." "वो एक जन्मजात हास्य अभिनेता है." "उस अकेले आदमी से थिएटर गूँज उठता है."

मंच के बाहर, हालांकि, चार्ली शांत और चुपचाप रहता था. उसके रूममेट स्टेन लॉरेल ने कहा कि कुछ लोगों को चार्ली का स्वभाव रूखा लगता था. (लॉरेल बाद में लॉरेल और हार्डी कॉमेडी एक्ट में प्रसिद्ध हुआ.) "लेकिन वो वैसा नहीं था, वो बिल्कुल भी वैसा नहीं था ... वो एक बहुत ही शर्मीला आदमी था."



स्टेन लॉरेल

लंबी क्रॉस-कंट्री ट्रेन की सवारी में, चार्ली किसी किताब के पन्नों में अपना मुंह छिपाता था. उसकी स्कूली शिक्षा बहुत जल्द ही ख़त्म हो गई थी. अब चार्ली ने पढ़-लिखकर खुद को शिक्षित करने की ठानी. उसने खुद से वायलिन बजाना भी सीखा. सबसे पहले चार्ली को वायलिन के तार उलटने पड़े. यही एकमात्र तरीका था जिससे वो बाएं हाथ से वायलिन बजा सकता था.

1913 में एक दिन चार्ली के लिए एक टेलीग्राम आया. तब तक चार्ली ने कार्नो के साथ पांच साल बिताए थे. टेलीग्राम ने उसे कैलिफोर्निया आने और फिल्में बनाने के लिए आमंत्रित किया!



यह एक बड़ा जोखिम था. चार्ली ने हमेशा मंच पर अभिनय किया था, वो कैमरे के सामने कभी नहीं आया था. और फिल्म व्यवसाय अभी एकदम नया था. पहले अमेरिकी मूवी थियेटर ने सिर्फ आठ साल पहले ही अपने दरवाजे खोले थे.

"मुझे (कार्नो) छोड़ने से नफरत थी," चार्ली ने बाद में कहा. "मान लें, मैंने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया?" कोई चिंता की बात नहीं, चार्ली!

अध्याय 4

बड़ा स्क्रीन

दिसंबर 1913 में, चार्ली कीस्टोन स्टूडियो में पहुंचा. कीस्टोन स्टूडियो सिर्फ एक साल पुराना था. कीस्टोन उन कई छोटे फिल्म स्टूडियो में से एक था, जो कैलिफोर्निया में उभर आए थे. उनकी सबसे लोकप्रिय फिल्में कीस्टोन पुलिस के बारे में थीं. वो पुलिसकर्मियों का एक समूह था, जो जंगली पीछा करते हुए इधर-उधर भागते थे. अभिनेताओं का एक ही समूह, हर फिल्म में अभिनय करता था.

कीस्टोन पुलिस अपनी गश्ती गाड़ी में




स्टूडियो, लॉस एंजिल्स के बाहर पांच मील की दूरी पर था. चार्ली को वो स्टूडियो एक गोदाम की तरह लगा. खेत, लकड़ी की झोंपड़ी और स्टोर पास में थे. साथ में कैक्टस और सेजब्रश की झाड़ियां भी थीं. स्टूडियो में अभिनेता गुंडों की तरह लग रहे थे. उसके बाद चार्ली घूमा और सीधे अपने होटल में वापिस चला गया!

चार्ली के कीस्टोन में वापस आने में तीन दिन लगे. एक विशाल मंच जो दो ब्लॉक लंबा, ने स्टूडियो की लंबाई को और भी बढ़ा दिया.

एक ही समय में तीन या चार अलग-अलग फिल्मों की शूटिंग चल रही थी. सेट अगल-बगल खड़े थे. एक लिविंग रूम, दूसरा जेल और तीसरा स्केटिंग रिंक हो सकता था. वो देखकर, चार्ली मोहित हो गया.

स्टूडियो में काफी शोर-शराबा था. बढ़ई, नए सेट बनाने के लिए लकड़ी काट रहे थे और कीलें ठोंक रहे थे. कैमरे के हैंडल क्रैंक किए जा रहे थे. निदेशक अपने आदेश चिल्ला रहे थे. लेकिन उस शोर-शराबे से बिल्कुल भी फर्क नहीं पड़ता था: क्योंकि मूक फिल्मों में कोई आवाज ही नहीं होती थी.



उस समय मूवी स्टूडियो में, इलेक्ट्रिक लाइटिंग का भी उपयोग भी नहीं किया जाता था. भले ही उस समय तक बिजली की रोशनी व्यापक रूप से उपयोग की जा रही थी, लेकिन कोई भी लाइट इतनी शक्तिशाली नहीं थी कि वो फिल्म को उजागर कर सके. उसकी बजाय, कैलिफोर्निया की तेज धूप, स्टूडियो को रोशन करती थी.

कैसे फिल्में बनती हैं यह देखने के लिए चार्ली को कुछ दिन दिए गए. कुछ बातों ने उसे चौंका दिया. उसने एक निर्देशक को "कट!" चिल्लाते हुए सुना. एक अभिनेत्री ने केवल एक दरवाजे पर दस्तक दी थी. तभी चार्ली को यह पता चला कि फिल्में छोटे-छोटे टुकड़ों में बनती थीं. दृश्यों को क्रम से फिल्माया जाता था और फिर बाद में एडिटिंग कमरे में एक साथ जोड़ा जाता था.

जब चार्ली अपनी पहली भूमिका निभाने के लिए तैयार हुआ तो उसे एक और आश्चर्य हुआ: कीस्टोन, बिना स्क्रिप्ट के फिल्में बनाता था. निर्देशक कहानी के केवल ढीले-ढाले विचार के साथ फिल्मांकन शुरू करते थे. अभिनेता और निर्देशक मौके पर ही अधिकांश हास्य और मज़ाक गढ़ते थे. चार्ली ने लिखा, "थिएटर में मैं हर रात एक ही चीज़ को बार-बार दोहराता था, लेकिन फिल्मों में अधिक स्वतंत्रता थी. फिल्मों ने मुझे रोमांच की भावना दी."

कुछ दिनों बाद, चार्ली की पहली फिल्म, *मेकिंग अ लिविंग* (1914) तैयार हुई. उस समय की फिल्मों को "शॉर्ट्स" कहा जाता था. तब फ़िल्में एक रील लंबी, या लगभग पंद्रह मिनट की होती थीं. कीस्टोन स्टुडिओ अक्सर एक हफ्ते में तीन फिल्में बनाता था!

मेकिंग अ लिविंग के एक दृश्य में, चार्ली बाईं ओर



चार्ली की दूसरी फिल्म के लिए, कलाकार पास के वेनिस, कैलिफ़ोर्निया में बच्चों की डर्बी-कार रेस में ड्राइव करने जा रहे थे. कीस्टोन फिल्मों को अक्सर स्टूडियो के अंदर शूट करने की बजाए "लोकेशन पर" फिल्माया जाता था. उदाहरण के लिए, किसी फिल्म को सड़क पर परेड, आउटडोर संगीत कार्यक्रम, घुड़दौड़, या यहां तक कि स्थानीय लगी आग में भी शूट किया जा सकता था.



मैक सेनेट

वास्तविक जीवन के दृश्य दिलचस्प होते थे, साथ ही निर्माण करने के लिए उनकी कीमत भी कुछ भी नहीं आती थी. मैक सेनेट, कीस्टोन के प्रमुख थे. कलाकारों के वेनिस जाने से पहले, उन्होंने चार्ली से एक पोशाक तैयार करने के लिए कहा. वो अपनी मर्ज़ी के मुताबित को चाहें कपड़े पहन सकता था.

चार्ली ने कीस्टोन्स के बड़े कॉस्ट्यूम रूम - जो एक पुराने खलिहान में था कपड़ों को खोजा और जो भी उसे भाया वो कपड़े उसने ले लिए. बाद में उसने लिखा, "मैं चाहता था कि सब कुछ एक विरोधाभास हो : ढीली-ढाली पतलून, कोट तंग, टोपी छोटी और बड़े-बड़े जूते."




कपड़े पहनने के बाद, चार्ली ने पैरों पर पैच वाले बड़े जूते उलटे पहने - बाएं में दायां, और दाएं में बायां. फिर उसने एक छोटी सी काली मूछें चिपकाई, एक बेंत पकड़ा, और फिर वो बाहर निकला.



तब वो यह नहीं जानता था, कि वो फिल्म इतिहास बनाएगी!

चार्ली ने अभी-अभी एक प्रसिद्ध चरित्र का आविष्कार किया था जिसे "लिटिल ट्रैम्प" के नाम से जाना जाने लगा. *किड ऑटो रेस एट वेनिस* (1914) पहली फिल्म थी जिसमें ट्रैम्प था. दो दिन बाद, वो *माबेल्स स्ट्रेंज प्रिडिकामेन्ट* (1914) में दिखाई दिया, और उस फिल्म में ट्रैम्प के मजाकिया व्यक्तित्व से जान आ गई. फिल्म में वो एक महिला के पैर से ठोकर खाता है और फिर माफी मांगने के लिए अपनी टोपी उठाता है. फिर वह एक थूकदान पर डगमगाता है और उसे अपनी टोपी भी पहनाता है. वो अपने बेंत को एक सुंदर घुमाव देता है और अपनी टोपी को फेंक देता है.



जब फिल्म की शूटिंग चल रही थी तब चार्ली ने सुना कि कैमरामैन हंसने लगा. जल्द ही कीस्टोन क्रू के अन्य लोग जोकर को देखने के लिए अपने सेट से निकलकर बाहर आए. "वो वास्तव में एक सच्ची तारीफ थी," चार्ली ने बाद में याद किया. "मैंने तब वहां यह फैसला किया कि मैं इस पोशाक और ट्रैम्प के चरित्र को बरक़रार रखूंगा, चाहें कुछ भी हो."

अपने वचन के अनुसार, चार्ली ने अगले बाईस वर्षों तक लगभग सत्तर फिल्मों में ट्रैम्प की भूमिका निभाई. उसने स्क्रीन पर आने के सिर्फ पांच दिनों के बाद एक सबसे प्रसिद्ध पात्र का चरित्र बनाया था!

अध्याय 5

निर्देशक और स्टार

फिल्मों में चार्ली पूरी तरह से रम गया. उसने फिल्म निर्माण के हर हिस्से को सीखने की तैयारी की. एडिटिंग रूम में फिल्म को कैसे काटकर और फिर कैसे जोड़ा जाता था? अभिनेता कितनी कैमरा रेंज के भीतर घूम सकते थे? फिल्मांकन को तेज करने या धीमा करने के लिए कैमरों को कितनी तेज़ गति से क्रैंक किया जाना चाहिए? (हास्य प्रभाव के लिए मूक फिल्में अक्सर वास्तविक जीवन की तुलना में तेज गति से दौड़ती हैं.)

चार्ली से ज्यादा मेहनत किसी और ने नहीं की. "वो काम करना चाहता था - और वो लगभग हर समय काम करता था," मैक सेनेट ने कहा. "हम आठ बजे काम पर जाते तो वो वहाँ सात बजे से ही मौजूद होता था. हम पाँच बजे स्टूडियो छोड़ते थे .. लेकिन वो छह बजे तक वहां जमा रहता था."

दुर्भाग्य से, चार्ली की शैली कभी-कभी कीस्टोन की शैली के साथ टकराती थी. उनकी कॉमेडी भीड़-भाड़ में पकड़ने (चेज़) पर केंद्रित थी. चार्ली को लगता था कि सबसे अच्छी कॉमेडी चरित्र पर आधारित होनी चाहिए. वो अपने दृश्यों में मज़ेदार विवरण जोड़ना चाहता था जो ट्रैम्प के व्यक्तित्व से मेल खाते थे. लेकिन निर्देशक, सुपरफास्ट गति को धीमा नहीं करना चाहते थे. चार्ली के कुछ सबसे मजेदार किरदार, कटिंग रूम के फर्श पर कूड़ेदान में फेंके जाते थे.



फिर चार्ली ने अपनी खुद की फिल्में लिखने और निर्देशित करने का सपना देखना शुरू किया.

एक फिल्म में अभिनेत्री माबेल नॉर्मैंड निर्देशक थीं. वो उस समय एक बड़ी स्टार थीं.



माबेल नॉर्मैंड

एक आउटडोर शूटिंग के दौरान, उसने चार्ली के किसी भी सुझाव को सुनने से इनकार कर दिया. अंत में, चार्ली चला गया और गुस्से में सड़क के किनारे बैठ गया.

साइलेंट फिल्म्स 1894-1929


उस ज़माने में बड़ी रीलों पर फिल्में बनती थीं.



कैमरे हाथ से क्रैंक किए जाते थे.



थिएटर में लाइव संगीत मूड सेट करता था.



प्रोजेक्शनिस्ट, फिल्म को हाथ से क्रैंक करते थे.

"टाइटल कार्ड" स्क्रीन पर फ्लैश किए जाते थे.



चार्ली के सिट-डाउन स्ट्राइक के बारे में सुनकर मैक सेनर्ट को बहुत गुस्सा आया. "तुम वही करो जो तुमसे कहा गया है," वो चार्ली पर चिल्लाया. फिर वो वहां से चला गया.

चार्ली को लगा कि उसे निकाल दिया जाएगा. लेकिन उसको आश्चर्य हुआ जब अगले दिन सेनेट ने उससे एक दोस्ताना मुस्कान के साथ मुलाकात की. उसे अभी-अभी ईस्ट कोस्ट से अपने आकाओं से समाचार मिला था कि चार्ली की फ़िल्में अन्य सभी कीस्टोन फ़िल्मों को पछाड़ रही थीं! लोग तुरंत उस अजीब ट्रैम्प लड़के के साथ और फ़िल्में देखना चाहते थे.


चार्ली को खुश करने के लिए सेनेट को रास्ता खोजना पड़ा. चार्ली ने सुझाव दिया कि उसे अपनी फिल्मों को खुद डायरेक्ट करने का मौका दिया जाए. यह सेनेट को जोखिम भरा लगा. क्योंकि चार्ली अभी भी फिल्मों के लिए काफी नया था. तब चार्ली ने कहा कि वो अपनी जीवन भर की जमा पूँजी दांव पर लगा देगा. कीस्टोन को एक पैसे का भी नुक्सान नहीं होगा. उससे डील सील हो गई. तब से, चार्ली अपनी फिल्मों का निर्देशक और स्टार दोनों बन गया.

चार्ली को ट्रैम्प के बारे में सोचना पसंद था. उसने हमेशा कुछ अप्रत्याशित किया. गाय को दूध दुहना नहीं जानने पर, ट्रैम्प उसकी पूंछ खींच सकता था. जब एक पाइप से भीग गया, तो ट्रैम्प ने अपना कान मरोड़ा और उसके मुंह से पानी निकलने लगा. अपनी परछाई पर गिरते करते हुए, ट्रैम्प ने अपनी टोपी उस पर टिका दी.



उस समय फिल्मों में एक सीट की कीमत केवल एक निकल या डाइम होती थी. पुरानी दुकानों को परिवर्तित करके, "निकलोडियन" नामक छोटे थिएटरों में फिल्में दिखाई जाती थीं. कभी-कभी चार्ली एक ऐसे थिएटर में घुस जाता था जहाँ उसकी फिल्म चल रही होती थी. पर नीली आंखों वाले उस सुंदर युवक को दर्शकों में से कोई नहीं पहचानता था. वो फिल्म के मजाकिया ट्रैम्प की तरह बिल्कुल भी नहीं दिखता था. चार्ली, स्क्रीन को नहीं देखता था. उसकी आँखें और कान दर्शकों पर केंद्रित होती थीं. वे कब हँसे? किस बात ने उन्हें ज़ोर से हँसाया? दर्शकों की प्रतिक्रिया, चार्ली को अपनी अगली फिल्म को आकार देने में मदद करती थी.


दृश्यों के बीच में, चार्ली "क्लॉग" डांस या हेडस्टैंड करके फिल्म क्रू का मनोरंजन करता था. अपने कलाकारों को निर्देशित करने के लिए, चार्ली शूटिंग से पहले उनके सभी हिस्सों के अभिनय का अभ्यास करता था.



निकलोडियन

पहले सिनेमाघर "निकेलोडियन" थे. लाखों अप्रवासियों सहित मजदूर वर्ग के लोग वहां फ़िल्में देखने जाते थे.

निकलोडियन जर्जर और गरीब हॉल होते थे. वहां कोई जलपान नहीं मिलता था, और दर्शक लकड़ी की कुर्सियों पर बैठते थे. सिर्फ एक निकल में दर्शक दस से पंद्रह मिनट तक चलने वाली काले और सफेद "शॉर्ट्स" फिल्म देख सकते थे.



उस समय तक, फिल्म अभिनेताओं का नाम पर्दे पर नहीं दिखाया जाता था. अब जनता ये जानने को उत्सुक थी कि मूंछों वाला वो शख्स कौन था? ट्रैम्प के बड़े कट-आउट पूरे अमेरिका के सिनेमाघरों के सामने लगने लगे. "चार्ली चैपलिन. मैं आज यहां हूं," साइनपोस्ट पर लिखा होता था. चैपलिन ने नाम ने हज़ारों दर्शकों को अपनी ओर खींचा.

कीस्टोन में एक साल बिताने के बाद, चार्ली अब आगे बढ़ने को तैयार था. एक साल कोई बहुत लंबा समय नहीं होता है. लेकिन पहले ही साल में उसने पैंतीस फिल्में बनाई थीं!

अध्याय 6

यश

चार्ली ने अपने भाई सिडनी को अपना बिजनेस मैनेजर बनने को कहा. यह एक समझदारी की बात साबित हुई. सिडनी ने चार्ली का एस्सने फिल्म स्टूडियो के साथ एक करार करवाया. नए स्टूडियो ने कीस्टोन से लगभग तीस गुना अधिक भुगतान किया!

चार्ली ने एक महीने में लगभग एक ट्रैम्प कॉमेडी बनानी शुरू की. अधिकांश फ़िल्में दो रील लंबी होती थीं, जो लगभग आधे घंटे तक चलती थीं. लेकिन हरेक सीन को शूट करने में घंटों का समय लगता था. चार्ली अंतहीन रीटेक लेता था. *द ट्रैम्प* (1915) के एक अभिनेता ने स्टैन लॉरेल को सीढ़ी वाले दृश्य को पचास बार शूट करने के बारे में बताया. लॉरेल ने बताया, "अभिनेताओं को लगा कि अगर उन्होंने उसे सीन को एक बार और किया तो फिर उनका दिमाग उड़ जायेगा." लेकिन चार्ली एक महान कलाकार था. "उसने हमेशा सर्वश्रेष्ठ किया और उसके अलावा कुछ भी करने से इनकार किया."



पर्दे पर चार्ली का सब कुछ किया बहुत आसान लगता था. उसके प्रशंसकों को उसका मज़ाकिया अंदाज बहुत पसंद आता और उन्होंने उसे खूब सराहा. ट्रैम्प हवा में एक पैर के साथ चारों ओर फिसलता था. उसने अपने कंधे के ऊपर से माचिस फेंकता और फिर अपनी एड़ी से उसे लात मारता था.


वो अपनी टोपी को अपनी बांह की लंबाई से नीचे सरकाता था और फिर बिना झुके उसे अपने सिर से उतार देता था. ट्रैम्प पागल करने वाली कलाबाज़ियां लगाता था - आगे, पीछे और तीन चौथाई. शरारत शुरू होने से ठीक पहले, उसने अपनी भौहें मोड़ता था या अपनी मूंछें मरोड़ता था.



सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ट्रैम्प उस छोटे आदमी के लिए खड़ा था जो कभी हार नहीं मानता था. *द ट्रैम्प* के प्रसिद्ध अंत में उसकी आत्मा चमकती है. उसने अभी-अभी एक लम्बे, सुन्दर आदमी के लिए अपनी प्रियतमा को खो दिया है. एक फीके-आउट शॉट में, वो अकेले एक लंबी सड़क पर उतरता है. एक डंडे पर एक गठरी उसके कंधे पर लटकी हुई है.

अचानक, ट्रैम्प खुश होकर कूदता है और अपने बेंत को घुमाता है. ज़िंदगी उसे नीचे गिराने की कोशिश करती है लेकिन ट्रैम्प हमेशा खुद को फिर से ऊपर उठाता है.

1916 में सिडनी ने चार्ली को, न्यू यॉर्क बुलाया ताकि वो म्युचुअल फिल्म कॉरपोरेशन के साथ एक नए अनुबंध पर हस्ताक्षर कर सके. चार्ली ने वहां जाने के लिए ट्रेन ली. अल्बुकर्क में एक स्टॉप पर, उसने बाहर जय-जयकार सुनी. यह खबर सब जगह फ़ैल गई थी कि चार्ली ट्रेन में था - उसे देखने के लिए प्रशंसकों की स्टेशन पर भीड़ उमड़ पड़ी थी.





